दिनांक 29.10.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र सिंह जोन 04 के अधिकारियों, कर्मचारियों की बैठक लेकर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र सिंह के द्वारा जोन–04 शिवाजी नगर कार्यालय पहुंचकर जोन आयुक्त, सहायक अभियंता, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी, एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक लेकर जोन कार्यालय के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों, मतदान केन्द्रो, साफ–सफाई व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था के संबंध में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को आदर्श चुनाव आचार संहिता के अंतर्गत कार्य करने के दिशा निर्देश दिये गये।

श्री सिंह के द्वारा खुर्सीपार में केनाल रोड का भ्रमण करते हुए चल कार्यों से अवगत हुए एवं उपस्थित ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें। तथा कार्य में गति लावें। छठ पर्व को लेकर लक्ष्मणनगर तालाब का भ्रमण करते हुए जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया कि पूर्व कि भांति तालाब में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। छावनी हथखोज मुख्य मार्ग के सड़क डामरीकरण कार्य एवं आईटीआई के बगल से निर्माणाधीन नाली एवं फुटपाथ का भी निरीक्षण किया गया। अमृत मिशन योजनान्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल पानी टंकी का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये गये।

जनसम्पर्क अधिकारी